मुजफ्फरपुर, बुधवार
22 मार्च, 2023
नगर संस्करण ***
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18
www.jagran.com
विश्व जल दिवस
दैनिक जागरण
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित
एमएसएमई का दोगुनी रफ्तार से विस्तार 13
अमेलिया केर ने मुंबई इंडियंस को दिलाई छठी जी

बुलंदी पर पहुंचना आसान, टिके रहना महत्वपूर्ण

नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह में पहुंचे कुलपति का किया गया स्वागत

जागरण संवाददाता, समस्तीपुर : मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा नैक में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर आफ कालेज आर्ट्स एंड कामर्स प्रो. अशोक कुमार मेहता उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि बुलंदी पर पहुंच जाना तो आसान है लेकिन उसपर टीके रहना ही काबिले तारीफ है। उन्होंने नैक के उद्देश्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बता दें कि नैक ने इस कालेज को बी प्लस ग्रेडिंग दी है। समारोह की अध्यक्षता प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष मो. अबू तमीम ने की। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष डा. अरविंद मिलन, बलिराम भगत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. बीरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कालेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कालेज के प्राचार्य डा. सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज आफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डा. जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अंजुम वारिस, बीबी फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो. अबू सईद आदि थे।

समारोह मे लनामिवि के कुलपति को सम्मानित करते लोग ● जागरण